## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की ठोकर से टीवीएस चालक की मौत



**बालोद।** शुक्रवार की सुबह 5 बजे ग्राम भर्रीगांव में अज्ञात वाहन ने टीवीएस वाहन चालक धमतरी निवासी नरेश साहू को टक्कर मार दी, जिससे घटना स्थल पर ही टीवीएस वाहन चालक की मौत हो गई। पुरूर पुलिस के अनुसार ग्राम बेलतरा धमतरी निवासी नरेश साहू 55 वर्षीय टीवीएस वाहन क्रमांक सीजी 05 एबी 9433 से ग्राम उसरवारा की ओर जा रहा था, ग्राम भर्रीगांव में पहुंचा था तभी अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे नरेश साहू के सिर में तथा शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक गांव-गांव में जाकर चनाबूट बेचने का काम करता था।

### बाइक की ठोकर से राहगीर की मौत

**बालोद।** ग्राम परेंगुड़ा मार्ग पर पैदल चल रहे व्यक्ति को बाइक चालक ने टक्कर मार दी, जिससे पैदल चल रहे व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को बालोद थाने में बाइक चालक के खिलाफ धारा 281, 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार सोमवार को बनवाली राम निषाद 53 वर्ष राम परेंगुड़ा में सड़क किनारे स्थित शिव मंदिर परिसर में माइक लगाने गया था। वहां से वापस पैदल आ रहा था। इस दौरान बाइक चालक ने टक्कर मार दी। घटना के बाद बनवाली को धमतरी के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। बाइक की टक्कर से सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोट लगी थी।

### एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा अब 2 मार्च को

**बालोद।** आदिम जाति कल्याण अवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति रायपुर द्वारा संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2025–26 के लिए अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 2 मार्च को किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि एकलव्य आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा की पूर्व तिथि 16 फरवरी निर्धारित की गई थी, जिसकी तिथि में संशोधन करते हुए अब प्रवेश परीक्षा का आयोजन 2 मार्च को सुबह 10 से 12 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौण्डी में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु नियमावली एवं प्रवेश नीति का अवलोकन एवं प्रवेश पत्र की जानकारी वेबसाईट एकलव्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर किया जा सकता है।

### चुनाव : अंतिम दिन अध्यक्ष का एक और 6 पार्षद पद के दावेदारों ने नाम वापस लिया

# नपा अध्यक्ष पद के लिए 6 प्रत्याशी मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगरीय निकाय चुनाव के तहत नाम वापसी से पहले जहां 68 आवेदन भरे गए थे। जांच के बाद एक आवेदन निरस्त होने पर 67 आवेदन थे। शुक्रवार 31 जनवरी को एक अध्यक्ष पद व 6 पार्षद पद् के प्रत्याशियों ने नामांकन वापस ले लिया।



इसमें से अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय नामांकन दाखिल किये ज्योति शर्मा ने अपना नाम वापस ले लिया है। पार्षद पद के लिए नामांकन भरे वार्ड 3 से कुसुमलता ने अपना नाम वापस ले लिया है। इसी तरह पार्षद पद के लिए भरे गए वार्ड 6 से विमल कुमार, वार्ड क्रमांक 7 से प्रवीण सोनवानी, वार्ड 8 से प्रियंका ढ़ीमर, वार्ड 11 से शिवसेना पार्टी गिरीश नायडू और वार्ड 13 से जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के रामेश्वरी बंजारे ने पार्षद पद से अपना नाम वापस ले लिया है।

वहीं नाम वापसी होने के बाद अब अध्यक्ष के लिए चार प्रत्याशी मैदान में है। इसमें कांग्रेस से पद्मनी साहू, भाजपा से प्रतिभा चौधरी, हमर राज पार्टी से शबनम रानी गौर, निर्दलीय मंजू शर्मा अध्यक्ष पद के प्रत्याशी है। वार्ड पार्षद के लिए वार्ड 1 से भाजपा से कुंती साहू, कांग्रेस से सुमन साहू, निर्दलीय से पुष्पा बाई पार्षद प्रत्याशी है। वार्ड 2 से कांग्रेस से जितेन्द्र साहू, भाजपा से कमलेश सोनी पार्षद प्रत्याशी है। वार्ड 3 से भाजपा से प्रीतिबाला साहू, कांग्रेस से किरण साहू, निर्दलिय लक्ष्मी बाई साहू, वार्ड 4 से कांग्रेस से प्रेमचंद क्षीर सागर, भाजपा प्रीतम यादव, निर्दलीय देवेन्द्र गजेन्द्र, निर्दलीय पुनीत साहू, निर्दलीय सुमीत साहू, वार्ड 5 से भाजपा से निशा योगी, आप से किरण साहू, कांग्रेस से योगेश्वरी साहू, निर्दलीय कांति साहू, वार्ड 6 से भाजपा से दीपक देवांगन, कांग्रेस से सतीश यादव, निर्दलीय विमल साहू, वार्ड 7 से कांग्रेस से सुनील मालेकर, भाजपा से रमेश मालेकर, वार्ड 8 से कांग्रेस से रीता सोनी, भाजपा से रूखसाना बेगम, निर्दलीय ज्योति शर्मा, वार्ड 9 निर्दलीय मंजू शर्मा, निर्दलीय दीपक चोपड़ा, कांग्रेस निर्देश कुमार, भाजपा आशुतोष कौशिक, वार्ड 10 से भाजपा से दीपक जैन, कांग्रेस से हसमुख माहेश्वरी, निर्दलीय राजेश चोपड़ा पार्षद प्रत्याशी है।

### वार्ड 11 से 20 तक इनके बीच होगी जंग

वार्ड 11 से कांग्रेस से लोकेन्द्र सिंह कांवरे, भाजपा से राजू पटेल, निर्दलीय शकील खान पार्षद प्रत्याशी है। वार्ड 12 से भाजपा से छबि सार्वा, कांग्रेस सुमीत शर्मा, निर्दलीय जितेन्द्र पांडे, वार्ड 13 से भाजपा से सुनीता मनहर, कांग्रेस से सुहागा, निर्दलीय निर्दलीय जानकी देशलहरे, वार्ड 14 कांग्रेस से चमेली साहू, भाजपा से आशा पटेल, निर्दलीय जेके ढाके, निर्दलीय योगराज भारती, वार्ड 15 से भाजपा से गोकुल कुमार, हमर राज पार्टी से कुमारी लक्ष्मी, निर्दलीय मनोज ठाकुर, वार्ड 16 भाजपा से सुरेश निर्मलकर, कांग्रेस विनोद कुमार प्रत्याशी है। वार्ड 17 से भाजपा से गोमती हल्बा, कांग्रेस से गीता बाई, निर्दलीय धनेश्वरी ठाकुर है। वार्ड 18 में भाजपा से गिरजेश गुप्ता, कांग्रेस अनिल यादव, वार्ड 19 से भाजपा से श्यामा यादव, कांग्रेस से हसीना बेगम प्रत्याशी है। वार्ड 20 से भाजपा से सरोजनी साहू, निर्दलीय शिवकुमारी साहू, कांग्रेस कशीमुद्दीन कुरैशी, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी दानी राम, हमर राज पार्टी डिलेश्वर देवांगन पार्षद प्रत्याशी है।

## डौण्डीलोहारा नपं अध्यक्ष के लिए 5 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला

**बालोद।** नगरीय निकाय चुनाव के तहत डौण्डीलोहारा के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए 5 प्रत्याशी मैदान में है, वहीं पार्षदों के लिए कुल 48 आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसमें पार्षद के दो अभ्यार्थियों ने अपने नाम वापस ले लिये हैं। अब पार्षद के लिए 46 उम्मीदवार मैदान में है। नाम वापस लेने वालों में वार्ड 6 से माया किराड़ व वार्ड 2 के जुबैदा सिद्दीकी शामिल हैं।

नगर पंचायत अध्यक्ष के 5 प्रत्याशियों में भाजपा से लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम है। कांग्रेस से अनिल जैन, निर्दलीय प्रेमकुमार जैन, भुजबल देशमुख, कुलसिया चौहान अध्यक्ष पद के प्रत्याशी हैं।

वहीं पार्षद प्रत्याशियों में वार्ड क्रमांक 1 से कांग्रेस से अशोक कुमार चनाप, भाजपा से सूर्यकला पार्षद प्रत्याशी है। वार्ड 2 से कांग्रेस से अनिता साहू, बीजेपी से वमिका देवांगन, निर्दलीय गायत्री देवांगन, निर्दलीय नाजमा सिद्दीकी, वार्ड 3 से कांग्रेस से ममता साहानी, भाजपा से पुष्पलता निर्षाद, निर्दलीय आशाबाई देवांगन, निर्दलीय ममता शर्मा, वार्ड 4 से कांग्रेस से जूही सोनी, बीजेपी से शोभा सिंह ठाकुर, वार्ड 5 से बसपा से जागेश्वरी गायकवाड़, कांग्रेस से रूखमणी मालेकर, बीजेपी से सुभद्रा खडेकर, वार्ड 6 से कांग्रेस से गुलाबचंद जैन, भाजपा से नेहा उपाध्याय पार्षद प्रत्याशी है। इसी तरह वार्ड 7 से कांग्रेस से राकेश सांखला, भाजपा से सोहद्रा बाई देवांगन, वार्ड 8 से बीजेपी से वीरसिंह, भाजपा से झुमुक कोसमा, वार्ड 9 से बीजेपी से रेवती कालियारे, कांग्रेस से उत्पला कोसमे, वार्ड 10 से कांग्रेस से जुगरूराम बघेल, बीएसपी से नीलकमल बारले, बीजेपी से पूरन लाल बघेल पार्षद प्रत्याशी है।

वार्ड 11 से बीजेपी से शिवानी भंसाली, कांग्रेस से विद्या शर्मा, निर्दलीय तरूणा सोनकर पार्षद प्रत्याशी है। वार्ड 12 से कांग्रेस से गोपीनारायण साहू, बीजेपी से ममता यादव, निर्दलीय भगवंत देवांगन, निर्दलीय भुजबल देशमुख, वार्ड 13 से कांग्रेस से बिमला ठाकुर, बीजेपी से दशोका बाई भुआर्य, निर्दलीय अशोक कुमार, वार्ड 14 से बीजेपी से नारायण सिंह सिन्हा, निर्दलीय देवव्रत देवांगन, निर्दलीय मिथलेश, कांग्रेस राजेन्द्र निशाद, छ.ग.यु.मो. मोहम्मद आबीर जिलानी, वार्ड 15 से बीजेपी से हेमलाल सिन्हा, कांग्रेस से किशोर दीवान, निर्दलीय अनिल कुमार चोपड़ा, निर्दलीय हर्शवीर कसार, निर्दलीय सेवाराम चंदेल पार्षद प्रत्याशी है।

## जपं सदस्यों के लिए कांग्रेस के 15 प्रत्याशियों ने एक साथ जमा किए नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

आदिवासी डौंडी ब्लाक के कांग्रेस से अधिकृत 15 जनपद पंचायत सदस्यों ने शुक्रवार को एक साथ नामांकन फार्म स्थानीय जनपद पंचायत में बनाए गए केंद्र में जमा किए।

इसमें जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक एक चिपरा से शकुंतला शिवाना, जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक दो भैंसबोर्ड से विशतीन प्रकाश आर्य, जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक तीन अडजाल से प्रीति उर्वशा, जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक चार कुसुमकसा से पवारा बाई, जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक पांच बिटाल से पांचों बाई, जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक छह सिंघनवही से कुलदीप कुमार साहू, जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक सात कामता से शिवप्रसाद बारला, जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक आठ सलहाईटोला से नीतू कृष्णान, जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक नौ खैरवाही से शिवगिरी चुरेंद्र, जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक दस मरकाटोला गुदुम से सियाराम कोठारी, जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक ग्यारह पुसावड हृदय राम क्वाची, जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक बारह आवारी से ईश्वरी देशलहरे, जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक तेरह पचेड़ा से पुनीत राम सेन, जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक चौदह भरीटोला 36 से राधाबाई रावटे और जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक पंद्रह मंगलतराई आमादुला से बसंती दुग्गा ने नामांकन फार्म जमा कराया है।

## जनपद पंचायत गुरुर के क्षेत्र क्रं 20 से कांग्रेस के कुंजाम का नामांकन दाखिल



**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरुर के क्षेत्र क्रं 20 से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी अजीत कुंजाम ने आज नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर जोन प्रभारी सुमीत राजा राजपूत, प्रभारी पालसिंह भुआर्य, सेक्टर प्रभारी बल्ला राम कुंजाम, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष हितेकसा एचके कुंजाम, पूर्व जनपद सदस्य रामेश्वर ध्रुरव, विधायक प्रतिनिधि हेमलाल साहू, तुलेश सिन्हा, बूथ अध्यक्ष सीताराम सोरी, दामन बेसरा, दयालु कुंजाम, साधुराम कुरैटी, सखाराम कुरैटी, फागुराम सोरी, सुरेश कुरैटी, संदीप यादव एवं नारागांव सेक्टर के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिपं सदस्यों के लिए अब तक 52 अभ्यार्थियों ने लिया फार्म

**बालोद।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों के नामांकन की प्रक्रिया जारी है। जिले में अब तक 52 अभ्यार्थियो ने फार्म क्रय किया है। जिनमें अब तक 30 अभ्यार्थियों ने नामांकन जमा किया है। रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र प्राप्त एवं जमा करने की अंतिम तिथि 3 फरवरी निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 27 जनवरी को 12 अभ्यर्थियों, 28 जनवरी को 12, 29 एवं 30 जनवरी को 9–9 तथा 31 जनवरी को 10 अभ्यर्थियों सहित कुल 52 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया है। इसमें से 28 जनवरी को 1 अभ्यर्थी, 29 जनवरी को 3, 30 जनवरी को 11 एवं 31 जनवरी को 15 अभ्यर्थियों सहित कुल 30 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

## भाजपा ने राम ठाकुर को बनाया निकाय कंट्रोल रूम प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगरीय –निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिकोण से भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख द्वारा जिला प्रभारियों की नियुक्ति की गई।

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख द्वारा वर्ष 2024–25 नगरीय निकाय, त्रिस्तरीय पंचायत



चुनाव हेतु राम ठाकुर राम चंद्राकर को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जिला प्रभारी बनाया है व हरीश कटझरे को नगरीय निकाय कंट्रोल रूम प्रभारी बनाया गया है।

## खेतों में फैली सरसो के फूलों की खुशबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

किसानों के खेत में पीले फूलों से खिली सरसो की फसल लहलहाने लगी है। सरसो के फूल देखकर बसंत के आगमन का संदेश मिलता है। मौसम ने साथ दिया तो इस वर्ष किसान सरसो के बंफर उत्पादन की संभावना जता रहे हैं।

पिछले करीब 20 दिनों से कड़ाके की ठंड और बारिश के बाद सरसो की फसल खिल गई है। बादली पैक्स के अधीन आने वाले पिछले वर्ष की अपेक्षा सरसो की



फसल का रकबा कम हुआ है। सरसो उत्पादन के लिए अनुकूल जलवायु है। बीते वर्ष तीन हजार एकड़ भूमि पर सरसो की खेती की गई थी। वहीं इस सीजन में करीब ढाई हजार तीन हजार एकड़ है। कृषि विभाग भी सरसो उत्पादन को किसानों के अतिरिक्त आय का जरिया बनाने की दिशा में काम कर रहा है। उदय कुमार साहू ने बताया कि दिन के समय धूप खेतों में सोने पर सुहागा साबित होगा। इससे सरसो के खेतों में अलग ही रौनक बनेगी। पीले फूल और इनकी मनमोहक महक के साथ सरसो के खेत बेहतरीन फसल के साथ खिल आए हैं।

## मारपीट करने वाले के खिलाफ अपराध दर्ज


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अपने घर में आयोजित रामायण कार्यक्रम रद्द कर पास के गांव रामायण करने से नाराज व्यक्ति ने रामायण आयोजनकर्ता व उनके परिजन के साथ मारपीट की। इसमें आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 126(2), 296, 3(5), 331(6) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

प्रार्थी ग्राम गब्दी निवासी रेखा बाई साहू ने बताया कि बुधवार को मेरे जेठ के घर में गृह प्रवेश कार्यक्रम था, जिसमें भतीजी लक्ष्मी बाई साहू एवं दामाद अन्य रिस्तेदार सहित मेरा पूरा परिवार आये थे। इस दौरान उनके द्वारा रात में कथावाचक कामता प्रसाद शरण के रामायण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, रात में रायमाण का कार्यक्रम शुरू हो रहा था, तभी पास के ग्राम माहुद निवासी झम्मन साहू एवं उसके साथ अन्य तीन लोग हमारे घर के भीतर में आये, झम्मन साहू हम लोगों से बोले कि कथा वाचक कामता प्रसाद हमारे कार्यक्रम केंसल कर दिये हैं और इनके घर में कार्यक्रम में कैसे आये हैं, भतीजी लक्ष्मी बाई साहू बोली कि कार्यक्रम को हो जाने दो, उसके बाद आप महराज से बात कर लेना, ऐसा कहने पर वे सभी लोग मिलकर घर के एक तरफ के दरवाजा को बंद करने लगे, तभी मेरी भतीजी लक्ष्मी साहू बोली की दरवाजे क्यों बंद कर रहे, कहने पर बोले कि ज्यादा बात करते हो, ऐसा बोलकर गाली गलौज करते हुये हम लोगों के साथ मारपीट करने में अमादा होकर भतीजी लक्ष्मी साहू को मारपीट करने लगे। मारपीट से घबरा कर हम लोग चिल्लाये तो वे लोग दूसरे दरवाजे से बाहर भाग गये, तब तक हमारे परिवार के लोग वहां आ गये, उनका पीछा करते हुये देखने के लिये बाहर निकले तो वे लोग दूर भाग गये थे। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि वे लोग शराब पीये हुये थे। शिकायत पर अर्जुन्दा थाना में अपराध कायम किया गया है।

### ब्लाक कांग्रेस बालोद के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए अंचल प्रकाश

**बालोद।** आगामी नगरीय निकाय चुनाव के परिप्रेक्ष्य मे जिला कांग्रेस कमेटी बालोद जिला अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर ने नगर अध्यक्ष अनिल यादव की सहमति एवं संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा की अनुशंसा पर नगर ब्लाक कांग्रेस कमेटी बालोद के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर अंचल प्रकाश साहू की नियुक्ति किया गया। नियुक्ति से समर्थकों में हर्ष व्याप्त है।









**एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज**

छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त

प्रवेश प्रारंभ — सीमित सीटे

उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स

- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन

सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स

काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604

चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)



हरिभूमि

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100


### परेड, टर्नआउट रजिस्टर और थाना परिसर का किया अवलोकन

# एसपी भगत ने राजहरा थाने का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने आज दल्लीराजहरा थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने परेड, टर्नआउट, रजिस्टर और थाना परिसर की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के आवश्यक निर्देश दिए।

- लंबित प्रकरणों के शीघ्र निरीक्षण के निर्देश दिए

आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनावों में निष्पक्षता और कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया। पुलिस अधीक्षक श्री भगत ने सशक्त ऐप, ई-साक्ष्य ऐप, सायबर प्रहरी और त्रिनयन ऐप के उपयोग और उनके महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। थाना राजहरा में वार्षिक निरीक्षण एवं परेड, रजिस्टर व परिसर का अवलोकन किया।



**ये रहे उपस्थित**

वार्षिक निरीक्षण के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. चित्रा वर्मा, निरीक्षक सुनील तिर्की, सहायक उपनिरीक्षक सूरज साहू, पुनऊ राम साहू, विजय जगत, हिरामन लाल मंडावी तथा समस्त थाना स्टाफ उपस्थित रहा।

दरबार लगाकर पुलिस कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान भी किया। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए योग्य अधिकारियों को पुरस्कृत भी किया गया। निरीक्षण के दौरान लंबित अपराध, मर्ग, गुमशुदगी और जनता की शिकायतों के शीघ्र निपटारे हेतु निर्देश दिए गए। इसके ▶▶| शेष पेज 11 पर

